nystateofhealth™
The Official Health Plan Marketplace



एक नज़र में Medicaid

कौन योग्य है?

कम आय वाले ऐसे निवासी, जो:

- गर्भवती महिला और नवजात शिशु;
- 1-18 आयु तक के बच्चे;
- निर्भर बच्चों के माता-पिता और देखभाल करने वाले लोग; या
- 19-64 आयु के वयस्क, जो गर्भवती नहीं हैं और Medicare के लिए योग्य नहीं हैं।

NY State of Health लागू संघीय नागरिक अधिकार कानूनों का अनुपालन करता है और अपने स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों में जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, लिंग, आयु या विकलांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।

क्या शामिल है?

- अस्पताल के रोगी और बाह्य रोगियों के लिए चिकित्सकीय सेवाएं
- चिकित्सकीय सेवाएं
- Child/Teen Health Program के तहत 21 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक जांच, निदान और उपचार
- दवाएं, रसद, चिकित्सा उपकरण और उपकरण जैसे कि व्हीलचेयर आदि।
- लेबोरेट्री और एक्स-रे सेवाएं
- डॉक्टरों और डेंटिस्टों द्वारा निवारक स्वास्थ्य और दंत चिकित्सा देखभाल और उपचार
- नर्सिंग होम में देखभाल
- होम हेल्थ एजेंसियों और व्यक्तिगत देखभाल के माध्यम से देखभाल
- मनोरोग अस्पतालों में उपचार (21 वर्ष से कम आयु या 65 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए), मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं, और मानसिक रूप से मंद या शारीरिक विकास की विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए सुविधाएं
- परिवार नियोजन सेवाएं
- चिकित्सकीय अपॉइंटमेंट के लिए परिवहन सुविधाएं, जिसमें सार्वजनिक परिवहन और कार माइलेज शामिल हैं
- अस्पताल तक आपातकालिन एम्बूलेंस परिवहन
- गम और पैच जैसे रोक-धूम्रपान उत्पाद

हो सकता है कुछ सेवाओं को उम्र, वित्तीय परिस्थितियों, पारिवारिक स्थिति या रहने की व्यवस्था के कारण कवर नहीं किया गया हो। कुछ सेवाओं में छोटे स्तर पर सह-भुगतान शामिल हो सकता है। यदि आप प्रबंधित केयर प्लान के अंतर्गत हैं तो केवल फ़ार्मेसी सेवाओं के लिए छोटे भुगतान को छोड़कर आपको सह-भुगतान नहीं करना होगा।

हमसे संपर्क करें:

nystateofhealth.ny.gov | 1-855-355-5777 या TTY 1-800-662-1220

मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी आय और संसाधन मुझे Medicaid के लिए पात्रता दिलाते हैं?

नीचे दिए गए चार्ट में दिखाया गया है कि आप कितना सालाना आय प्राप्त कर सकते हैं और फिर भी Medicaid के योग्य हैं।*
आय का स्तर इस बात पर आधारित है कि परिवार के कितने सदस्य आपके साथ रहते हैं।

2018 का वार्षिक आय स्तर				
परिवार का आकार	माता-पिता/देखभाल करने वाले लोग *या* बिना बच्चों वाला जोड़ा *या* 19 और 20 उम्र के वयस्क जो माता-पिता के साथ नहीं रहते FPL का 138%	बच्चे आयु 1 - 18 FPL का 154%	19 और 20 उम्र के वयस्क जो माता-पिता के साथ रहत हैं FPL का 155%	गर्भवती महिला, 1 वर्ष की उम्र तक के शिशु, *या* परिवार नियोजन लाभों के लिए योग्य व्यक्ति FPL का 223%
1	$16,754	$18,696	$18,817	$27,073
2	$22,715	$25,349	$25,513	$36,706
3	$28,677	$32,002	$32,209	$46,340
4	$34,638	$38,654	$38,905	$55,973
5	$40,600	$45,307	$45,601	$65,607
6	$46,562	$51,960	$52,297	$75,241
7	$52,523	$58,613	$58,993	$84,874
8	$58,485	$65,266	$65,689	$94,508
9	$64,446	$71,918	$72,385	$104,141
10	$70,408	$78,571	$79,081	$113,775
अतिरिक्त व्यक्ति	$5,962	$6,653	$6,696	$9,634

*2018 संघीय गरीबी स्तर (एफपीएल) पर आधारित। आय स्तर एफपीएल में किए गए परिवर्तनों के आधार पर प्रति वर्ष समायोजित किए जा सकते हैं।

Medicaid में कितना खर्च आता है?

मासिक प्रीमियम: Medicaid के लिए कोई मासिक प्रीमियम नहीं है।

लागत साझाकरण: कुछ सेवाओं के लिए Medicaid के अंतर्गत छोटे स्तर पर सह-भुगतान की आवश्यकता होती है लेकिन कभी-कभी सह-भुगतान की जरूरत नहीं होती है। Medicaid के अंतर्गत आपको एक वर्ष में अधिकतम $200 सह-भुगतान के रूप में खर्च करना पड़ सकता है।

Medicaid के बारे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची और, उत्तरों के लिए इस साइट पर जाएं: **http://www.health.ny.gov/health_care/medicaid/**